दस लाख से अधिक मतदाता करेंगे मताधिकार का उपयोग

जिले के 1407 मतदान केन्द्रों में होगा मतदान, आज मतदान के लिए रिजर्व सहित कुल 6253 मतदान कर्मियों की रहेगी तैनानती

सिवनी नवभारत। लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत शुक्रवार 19 अप्रैल को जिले के कुल 1407 मतदान केन्द्रों मतदान होंगे। बरघाट में 310, सिवनी में 337, केवलारी में 353 तथा लखनादौन में 407 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। मतदान व्यवस्था को सुचारू रूप से संपादित करने के लिए रिजर्व सहित कुल 6253 मतदान कर्मी की नियुक्ति की गई है।

इसके साथ-साथ 267 माईक्रो आर्ब्जवर तथा 153 सेक्टर अधिकारियों की नियुक्त हुए हैं। 1407 मतदान केन्द्रों में से पूर्णतः महिला कर्मियों द्वारा संचालित किए जाने वाले कुल 100 पिंक पोलिंग बूथ भी स्थापित किए गए हैं।

पिंक पोलिंग बूथ भी बनाये गये

बरघाट में 25, सिवनी में 35, लखनादौन एवं केवलारी में 20-20 पिंक पोलिंग बूथ बनाये गए हैं। इसके साथ-साथ कुल 555 ऐसे बूथ भी प्रस्तावित हैं जिनमें कम से कम 02 महिला कर्मी मतदान की प्रक्रिया पूर्ण करवाएगी। इसी तरह बरघाट विधानसभा में 06, सिवनी विधानसभा में 05, केवलारी विधासभा में 08 तथा लखनादौन विधानसभा में 04 इस प्रकार कुल 23 मॉडल पोलिंग बूथ भी स्थापित किए गए हैं।

•/ U¯U U •/Ł ¥´Ł

सिवनी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी क्षितिज सिंघल ने शुक्रवार 19 अप्रैल को लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत होने वाले मतदान में जिले के सभी मतदाताओं से सहभागिता की अपील की है। उन्होंने मतदाताओं से बिना किसी भय, लोभ-लालच से प्रभावित हुए बिना अपने मताधिकार का

1081052 मतदाताओं द्वारा किया जाएगा अपने मताधिकार का उपयोग

निर्वाचन नामावली में शामिल कुल 1081052 मतदाताओं द्वारा अपने मताधिकार का उपयोग किया जाएगा। निर्वाचन नामावली में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक- 114 बरघाट में 121846 पुरुष, 123469 महिला एवं 02 अन्य इस प्रकार कुल 245317 मतदाता हैं। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-115 सिवनी में 138597 पुरुष, 137523 महिला एवं 7 अन्य इस प्रकार कुल 276127 मतदाता हैं, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक- 116 केवलारी में 132173 पुरुष, 129900 महिला एवं 03 अन्य इस प्रकार कुल 262076 मतदाता तथा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक- 117 लखनादौन में 151088 पुरुष, 146441 महिला एवं 03 अन्य है।

जबलपुर को हरा डीसीए सिवनी बना विजेता

सिवनी नवभारत। ज़िला क्रिकेट संघ सचिव शाहिद नज़ीर ने बताया कि जबलपुर संभागीय क्रिकेट संघ के तत्वावधान में जबलपुर में खेली जा रही जिला क्रिकेट संघ की 13 वर्ष आयु समूह की संभाग स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में, जिला क्रिकेट संघ सिवनी की टीम ने सशक्त माने जाने वाली जबलपुर की टीम को प्रतियोगिता के फाइनल में 72 रनों से शिकस्त देते हुए ट्रॉफी अपने नाम की। ज्ञात हो के जबलपुर में चल रही संभाग स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में सिवनी की टीम ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए पहली पारी में 28.4 ओवरों में अपने सभी विकेट खोकर 139 रन बनाये थे जिसमें रुशील खेड़िकर ने शानदार बल्लेबाज़ी करते हुए 64 रन बनाये व शनि तिवारी ने 19 रनों का योगदान दिया,वहीं जवाबी पारी खेलने उतरी जबलपुर की टीम 59 रनों में ही सिमट गई।सिवनी की और से गेंदबाज़ी करते हुए रुशील खेड़िकर ने चार वंश वंशकर दो भूनेश परिमल दो एकांश तिवहन व देवदत्त मानाठाकुर को एक एक विकेट मिला। सिवनी ने अपनी दूसरी पारी में सभी विकेट खोकर 48 ओवरों में 124 रन बनाये जिसके शनि तिवारी ने 37 व मृदुल ने 24 रन बनाये। पहली पारी में 80 रन की बढ़त जोड़कर सिवनी ने जबलपुर को 204 रनो का लक्ष्य दिया जिसके जवाब में जबलपुर की टीम सभी विकेट खोकर 132 रन ही बना पायी व सिवनी ने यह मैच 72 रनों से जीत लिया। सिवनी की और से दूसरी पारी में गेंदबाज़ी करते हुए वंश ने तीन व देवदत्त,एकाँश ,भूनेश परिमल को दो दो विकेट मिले।

आज मतदाता डालेंगे मतदान की आहूति

गणेशगंज नवभारत। पूरे भारत वर्ष में इन दिनों लोकसभा चुनाव की जोर शोर से तैयारियां चल रही हैं कहीं सभा तो कही रैलियां विभिन्न राजनैतिक पार्टियों द्वारा निकाली जा रही हैं। जिसमें कुल 543 सीटों पर मतदान सात चरणों में संपन्न होना है ।

आज पहले चरण में 21 राज्यों की 102 सीट पर मतदान होगा जिसकी निर्वाचन आयोग द्वारा पूरी जिम्मेदारी से तैयारी लगभग पूर्ण कर ली गई हैं। इसके पश्चात दूसरे चरण में 13 राज्यों की 89 सीटों पर मतदान 26 अप्रेल को संपन्न होंगे। ठीक उसी क्रम में मंडला लोकसभा सीट पर मतदान आज प्रथम चरण में संपन्न होंगे।

मंडला लोकसभा सीट चार जिलों के कुछ विधानसभा क्षेत्र को लेकर बनाई गई है जहां से आज मतदाता अपने अपने मतदान केन्द्र से पुरी निष्ठा के साथ मतदान की आहूति डालेंगे। जिसमे सिवनी जिले के केवलारी,लखनादौन मंडला जिले के बिछिया, निवास, मंडला डिंडोरी जिले के शहपुरा,डिंडोरी तथा नरसिंहपुर जिले की गोटेगांव विधानसभा शामिल हैं। मतदान सामग्री लेकर अपने मतदान केंद्र पहुंचने पर मतदान दल का स्थानीय जनों (ग्रामीणों) द्वारा तिलक लगाकर फूल माला से स्वागत किया गया ।

फैज़ कबीर की घातक गेंदबाजी और युवराज के शतक से जबलपुर टीम सेमिफानल में पहुंची

कन्माडिकर ट्रॉफी टूर्नामेंट में फैज कबीर और युवराज को मिला संयुक्त रूप से मैन ऑफ द मैच

सिवनी नवभारत। ग्वालियर के एम पी सी ए ग्राउंड में जबलपुर संभागीय क्रिकेट टीम की अंडर 14 की टीम ने ए.डब्ल्यू. कन्माडिकर ट्रॉफी में नर्मदापुरम संभाग को हराते हुए सेमी फ़ाइनल में प्रवेश किया जिसके लिए जबलपुर टीम इंदौर के लिए रवाना हो गई। दो दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता के पहले दिन नर्मदा पुरम की टीम ने 77.3 ओवर में 10 विकेट खोकर 118 रन बनाए। सिवनी के फैज कबीर की घातक गेंदबाजी के सामने नर्मदा पुरम के खिलाड़ी टिक नही पाए। फैज कबीर ने 24 ओवरों में 10 मेडन

ओवर फेंकते हुए 50 रन दिए और 06 विकेट झटक लिए। उमंग शर्मा ने 02 विकेट, विहान अग्रवाल ने 01 व युवराज सिंह ने एक विकेट लिए। नर्मदा पुरम की तरफ से रुद्र शिवहरे ने 42 और दिव्यांश ने 22 रन बनाए। नर्मदा पुरम के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जबलपुर की टीम ने 64.4 ओवरों में 10 विकेट खोकर 197 रन बनाए।

फैज, रुशिल व यशोधन ने लिए 01-01 विकेट

युवराज सिंह ने 171 गेंद में नॉट आउट 115 रन बनाए जबकि विहान अग्रवाल ने वार और फैज कबीर ने 22 रन बनाए। दूसरी पारी खेलने उतरी नर्मदा पुरम ने 21 ओवरों में 03 विकेट खोकर 103 रन बनाए जिसमे देवांशु चौहान ने 41 लकी मालवीय ने 28 रन बनाए। दूसरी इनिंग में फैज कबीर ने 01 विकेट, रुशिल खेड़ीकर ने 01 विकेट और यशोधन चौबे ने 01 विकेट लिए।

मैच में 07 विकेट लेने वाले फैज कबीर और नाबाद 115 रन बनाने वाले युवराज सिंह को संयुक्त रूप से मैन ऑफ द मैच दिया गया। नर्मदा पुराम को हराकर जबलपुर संभाग की टीम ने सेमी फ़ाइनल में प्रवेश किया। सेमी फाइनल मुकाबला इंदौर में खेला जाएगा जहां के लिए टीम रवाना हो गई। जबलपुर संभाग को मिली जीत पर जबलपुर के संभागीय अध्यक्ष डॉ निशित पटेल एवं धर्मेश पटेल,राजकुमार खुराना,पंकज शर्मा,सुरेंद्र राजपूत,शाहिद नज़ीर, राकेश जैन,जय श्रीवास्तव,निरंजन बँटी सराठे,मोहित दूबे,शुभम् तिवारी, बंटी बीसेंन, सहित समस्त खेल प्रेमियों ने ने बधाई दी।

हर भारतीय के जीवन को खुशहाल बनाने भाजपा संकल्पित है : संतोष अग्रवाल

सिवनी नवभारत। देश की सबसे बड़ी पंचायत लोकसभा के लिये आज शुक्रवार 19 अप्रैल को सुबह 07 बजे से मतदान होना है । राष्ट्र के विकास और राष्ट्र के सम्मान के लिये भारत के चमत्कारी नेतृत्व नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिये आप सभी एकमत से मतदान करे और बालाघाट सिवनी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा की लोकप्रिय प्रत्याशी श्रीमती भारती पारधी को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन एवं सिवनी विधानसभा प्रभारी संतोष अग्रवाल ने सिवनी विधानसभा के मतदाताओं से की है ।

श्रीमती भारती पारधी को विजयी बनाने की अपील करते हुये उन्होंने कहा है कि आप सभी को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राम राम भेजी है और कहा है कि यह साधारण चुनाव नहीं है । यह देश के भविष्य का निर्माण सुनहरे भविष्य के निर्णय का समय है । सिवनी विधायक ने कहा कि यह चुनाव देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प का चुनाव है । मोदी जी ने देश हित में अनेक कल्याणकारी योजनाएँ जैसे किसान सम्माननिधि, प्रधानमंत्री आवास, निःशुल्क अनाज, उज्जवला गैस, नारी शक्ति वंदन अधिनियम से महिलाओं को 33

प्रतिशत आरक्षण, आयुष्मान योजना, संबल योजना, मेक इन इंडिया, तीन तलाक से मुस्लिम बहनों को निजात, काश्मीर से धारा 370 की समाप्ति, श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा जैसे ऐतिहासिक कार्य किये है तथा प्रत्येक भारतीय के जीवन को खुशहाल बनाने के लिये भाजपा संकल्पि है । इसके साथ ही किसानों को गेहूँ का 27 सौ रूपये प्रति क्विंटल एवं धान का 31 सौ रूपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य सरकार देने के लिये वचनबद्ध है ।

सिवनी विधानसभा प्रभारी संतोष अग्रवाल ने कहा है कि केन्द्र की मोदी सरकार के साथ ही प्रदेश की मोहन सरकार भी गरीब कल्याण सहित पूरे मध्यप्रदेश को नंबर वन प्रदेश बनाने के संकल्प के साथ प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिये संकल्पि है और भाजपा का नेतृत्व भारत को विश्व गुरू बनाने की दिशा में तेजी से प्रयास कर रहा है । हम सब भी इस संकल्प की पूर्ति के लिये अपना बहुमूल्य समर्थन मतदान के माध्यम से प्रदान करे। सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन एवं लोकसभा चुनाव में सिवनी विधानसभा प्रभारी संतोष अग्रवाल ने समस्त मतदाताओं से अपील की है कि आज होने वाले मतदान में भाजपा प्रत्याशी श्रीमती भारती पारधी के कमल चुनाव चिन्ह जो दूसरे नंबर पर है की बटन दबाकर अपना समर्थन प्रदान करें ।

ग्रामीणो के निवास पहुंचकर राकेश पाल ने किया संपर्क

सिवनी नवभारत। गुरुवार को केवलारी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक राकेश पाल सिंह ने नगर केवलारी में भ्रमण कर सभी नगरवासियों से संपर्क कर राम राम किया ।इस दौरान केवलारी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक राकेश पाल सिंह के साथ मंडल अध्यक्ष सचिन अवधिया,ओम दुबे, सुजीत राय, नागेंद्र कटारिया,अनूप बघेल,सुदीप राय,पंकज गोस्वामी,प्रवीण दुबे,ओमकार जघेला, रितेश पांडेय, सावित्री चौधरी,डॉ मदन दुबे, बाबूलाल जघेला, प्रमोद यादव,संजय तिवारी, विनोद रजक, राघव द्विवेदी,डॉ अविनाश तिवारी, डॉ जगदीप दुबे, डॉ अतुल पटले देवतुल कार्यकर्ता

उपस्थित रहे।

विधानसभा क्षेत्र के ग्राम धनोरा में नरेश जैन के सुपुत्र के विवाह समारोह में सामिल होकर सुभकानाये दिया ।इसके पश्चात पूर्व विधायक राकेश पाल सिंह ने आशीष राय एंव वसंत बकोड़े के निवास जाकर संपर्क किया एंव ग्राम धनोरा में भ्रमण कर ग्रामीण जनों से संपर्क किया।

आज मतदान के लिए दल मतदान सामग्री के साथ हुआ रवाना

सिवनी नवभारत। लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत प्रथम चरण शुक्रवार 19 अप्रैल को जिले में होने वाले मतदान को लेकर गुरूवार 18 अप्रैल को जिले के सभी 1407 मतदान केन्द्रों के दल मतदान सामग्री लेकर अपने-अपने नियत मतदान केन्द्रों की ओर पुलिस सुरक्षा व्यवस्था के साथ रवाना हुए। सर्वप्रथम प्रातः 6 बजे कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में पॉलिटेक्निक कॉलेज में बने स्ट्रांग रूम को खोला गया।

एक नजर में

12 दस्तावेज प्रस्तुत कर किया जा सकेगा मतदान

सिवनी। लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत आगामी 19 अप्रैल को संपूर्ण प्रदेश के साथ ही सिवनी जिले के 1407 मतदान केन्द्रों में मतदान होगा। पात्र मतदाता अपने निर्धारित मतदान केन्द्रों में वोटर आईडी के अतिरिक्त 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों में से कोई एक दिखाकर मतदान कर सकेंगे। 12 दस्तावेज निम्नानुसार है- आधार कार्ड, पैन कार्ड, पासपोर्ट, ड्राइविंग लायसेंस, मनरेगा जॉब कार्ड, फोटो युक्त पासबुक, फोटो सहित पेंशन दस्तावेज, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, स्मार्ट कार्ड (आरजीआई द्वारा जारी), सेवा पहचान पत्र, आधिकारिक पहचान पत्र तथा दिव्यांग युनिक आई डी कार्ड प्रस्तुत कर मतदान किया जा सकेगा।

19 अप्रैल को रहेगा शुष्क दिवस

सिवनी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर मतदान दिवस 19 अप्रैल 2024 को सम्पूर्ण दिवस (एक दिन) का शुष्क दिवस घोषित किया है। उक्त शुष्क दिवस अवधि में जिले की मदिरा विक्रय की समस्त कम्पोजिट मदिरा दुकाने, बार लायसेंस एफ .एल-3 (क), विदेश मदिरा भाण्डागार सिवनी, देशी मदिरा भाण्डागार सिवनी एवं लखनादौन से किसी भी प्रकार की मदिरा का विक्रय / वितरण अथवा प्रदायगी को प्रतिबंधित किया है। साथ ही जिले के सम्पूर्ण विधानसभा मतदान क्षेत्र में किसी भी होटल, आहार गृह, गैर मालिकाना क्लब, मधुशाला में अथवा अन्य किसी सार्वजनिक तथा निजी स्थान में कोई भी स्प्रिटयुक्त, किण्वित या मादक लिकर या वैसी ही प्रकृति या अन्य पदार्थ का भी विक्रय / वितरण प्रतिबंधित करने के आदेश जारी किए हैं।

आज रहेगा सार्वजनिक तथा सामान्य अवकाश

सिवनी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी क्षितिज सिंघल ने लोकसभा निर्वाचन के अंतर्गत शुक्रवार 19 अप्रैल को आयोजित होने वाले प्रथम चरण के मतदान के लिए जिले में सार्वजनिक तथा सामान्य घोषित किया है।

कलेक्टर- एसपी ने देखी व्यवस्थाएं

सिवनी। लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत शुक्रवार 19 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए मतदान दल गुरूवार को अपने-अपने मतदान केन्द्र पहुंच चुके हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल एवं पुलिस अधीक्षक श्री राकेश सिंह ने गुरूवार को विभिन्न क्षेत्रों को निरीक्षण कर मतदान केन्द्रों की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने मतदान केन्द्र में उपस्थित पोलिंग पार्टी से चर्चा कर सभी का उत्साहवर्धन किया। साथ ही साथ अपना मार्गदर्शन भी दिया।

श्रीराम ने सदैव अपमान करने वालों को सम्मानित किया

सिवनी नवभारत। ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सिवनी में श्री रामनवमी के शुभ अवसर पर श्री रामचंद्र जी का जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर आपसी चर्चा के माध्यम से ब्रह्माकुमारीज जिला प्रभारी ज्योति दीदी जी ने उपस्थित ब्रह्मा कुमारीज के समस्त सदस्यों का ध्यान श्री रामचंद्र जी के श्रेष्ठ विचारों और आदर्शों की ओर खिंचवाया दीदी जी ने बताया कि श्री रामचंद्र जी ने विपरीत परिस्थितियों का सामना मुस्कुराते हुए किया, चिंता तनाव रहित होकर हर परिस्थिति को स्वीकार किया । अतः उनसे प्रेरणा लेकर हम भी संकल्प करें कि हर परिस्थिति का सामना खुशी-खुशी करेंगे। श्री राम जी ने अपने जीवन में आने वाली परिस्थितियों के लिए कभी किसी पर दोषारोपण नहीं किया, बल्कि अपने ही कर्मों का फल समझ कर स्वीकार किया। जिनके तरफ से जीवन में सबसे अधिक तकलीफें आई राम जी ने उन्हें सबसे पहले माफ कर, गले लगाया सम्मान भी दिया। सदैव अपमान करने वालों को सम्मानित किया।

श्री राम जी ने कभी किसी की निंदा नहीं की । अतः आज हम सभी मिलकर श्री राम जी के आदर्शों को, मर्यादाओं को अपना आचरण बनाले, तभी राम राज्य की स्थापना हो सकेगी। एवं सभी सदस्यों ने श्री राम जी के आदर्शों को अपने जीवन में धारण कर राम राज्य की स्थापना में सहयोगी बनने का संकल्प लिया।

उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य महेश गौतम हुए दोष मुक्त

शाला को आगे बढ़ाने किया था अनेक कार्य

सिवनी नवभारत। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी को अपने सौपानों तक पहुंचाने वाले प्राचार्य पर एक आरोप के तहत हटा दिया गया था जिन्हे विशेष न्यायाधीश प्रेमा साहू द्वारा लैगिंग अपराधों से बालको का संरक्षण अधिनियम 2012 द्वारा आरोपो से मुक्त किया गया।

ज्ञातव्य है कि पूर्व प्राचार्य आरपी बोरकर द्वारा शाला के उत्थान को लेकर अनेक योजनाओं को साकार करना चाहते थे और उनके निधन के बाद उनके सपनों को साकार करने वाले महेश गौतम ने शाला में आधुनिक लैब की शुरूआत का प्रस्ताव शासन को पहुंचाया था जिसे शासन ने स्वीकृति प्रदान की थी, इसी तरह पुराने कमरों का रिन्यूवेशन का कार्य से लेकर शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर उन्होंने नये प्रयोग किये भूतपूर्व छात्रों का सम्मेलन प्रतिभाओं का सम्मान तथा विश्व स्तरीय शिक्षा के नये आयामों को मूर्तरूप दिया था, लेकिन कहावत है कि एक सड़ी मछली सारे तालाब को गंदा कर देती है इसी तरह शाला के प्राचार्य पर ऐसा बदनुमादाग ने प्राचार्य गौतम के सपनों को खाक में बदल दिया था, प्राचार्य के पूर्व के पूर्व

एडीपीसी के रूप में आपने शिक्षा विभाग का गौरव बढ़ाया था उन पर लगाये आरोप के एवज में जो तथ्य आये उसमें विचाराणीय बिंदु यह है कि अभियोजन साक्षी। पीड़ित के द्वारा किये गये कथनों पर अभियुक्त के विरूद्ध कोई तथ्य न आने से धारा 313 दप्रस के अंतर्गत परीक्षण नहीं किया गया है, विद्वान न्यायाधीश ने पीड़िता के कथन को सुनने के बाद पीड़िता के अभिकथन की पुष्टि प्रथम सूचना रिपोर्ट से नहीं होती है और आरोप प्रमाणित न पाए जाने के आधार पर अभियुक्त को दोष मुक्त किया जाता है।

रामनवमी महाआरती के बाद हुआ महाप्रसाद का वितरण, जिले भर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया रामनवमी का पर्व

रामनवमी पर निकली मनमोहक भव्य शोभायात्रा,संध्या काल में महिलाओं ने किया दीपदान

खैरापलारी नवभारत। हिंदू उत्सव समिति खैरा पलारी के द्वारा रामनवमी की भव्य शोभायात्रा डीजे बैंड बाजा के साथ धूमधाम से निकाली गई। जगह-जगह शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। शोभा यात्रा माता दीवाला मंदिर प्रांगण से शाम 5 बजे निकाली गई, जो ग्राम के हर चौक चौराहों से होते हुए शनि मन्दिर प्रांगण में इस भव्य शोभायात्रा को रात्रि कालीन में विराम दिया गया । श्रीराम जन्मोत्सव ग्राम में पूरे धूमधाम से मनाया गया। इसके साथ ही शांध्यकाल में दीपदान आरती का आयोजन किया गया, जिसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। शोभायात्रा में हिंदू उत्सव समिति के समस्त कार्यकर्ता सहित ग्रामीण एवं क्षेत्रीय लोगों की उपस्थिति रही । इस दौरान डीजे की शानदार धुनें लोगो के कानो में गूंज रही थी।

राम दरबार की झांकी रही आकर्षण का केन्द्र

शोभायात्रा में राम दरबार सहित अन्य मनोहारी झांकिया शामिल रहीं। यह झांकी लोगों में आकर्षण का केन्द्र रहीं। इसके साथ ही झांकियों में भगवान श्री राम के विभिन्न स्वरूपों को भी दिखाया गया है। रास्ते में जय श्री राम के जयघोष गूंज रहे थे। डीजे बैंड की शानदार धुन इस दौरान बैंडों की शानदार धुनें गूंज रही थी। बैंड धुन पर हनुमान चालीसा सहित रामधुन को सुनने के लिए लोगों की भीड़ शोभा यात्रा मार्ग पर लगी रही। इसके साथ ही शोभा यात्रा का आम जन सहित अन्य लोगों द्वारा स्वागत किया गया।

चाक चौबंद रही सुरक्षा

शोभा यात्रा के दौरान किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति निर्मित न हो इसको देखते हुए शोभा यात्रा मार्ग पर पुलिस बल तैनात रहा। इसके साथ ही पुलिस के आलाधिकारी मौजूद रहे। पुलिस के जवान संदिग्धों पर नजर रखे हुए है वहीं लगातार पेट्रोलिंग जारी है।

सागर तट पर किया दीपदान

हिंदू उत्सव समिति के द्वारा आयोजित दीपदान कार्यक्रम में ग्राम की महिलाओं ने बड़ चढ़ कर हिस्सा लिया संध्या काल से ही सागर नदी के तट पर महिलाओं बच्चों - का जमावड़ा दीपदान करने के लिए लगा रहा महिलाओं और बच्चों ने घर से बनाकर लाए दीपक को सागर तट पर आयोजित कार्यक्रम में दीपदान किया ।

खैरमाई मढिया में स्थापित मनोकामना कलशों का हुआ विसर्जन

छपारा नवभारत। नगर के सीएम राइज स्कूल के समीप स्थित खैरमाई मढिया मंदिर में स्थापित किए गए 151 मनोकामना कलशों और जवारों का धूमधाम से गुरुवार 18 अप्रैल को दोपहर 5 बजे विधि-विधान से पूजन अर्चन कर मंदिर समिति के द्वारा बड़ी संख्या उपस्थित श्रद्धालुओं ने धूमधाम से शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्ग से होकर बस स्टैंड पहुंची जो शंकर मढिया होते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने से नगर के बैंनगंगा नदी के पुल घाट पर पहुंचकर विसर्जन किया गया। ज्ञात हो कि प्रत्येक वर्ष में पड़ने वाली दोनों नवरात्र पर्व पर श्रद्धालुओं के नौ दिन रखे हुए व्रत का खैरमाई मढिया में पूजन कर ही अपने उपवास छोड़ते हैं।